Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:46 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 143 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 27 नवंबर 2024



हमसफर जहीर के साथ सोनाक्षी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### ट्रांजिट कैंप से युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से एक युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने युवक के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कर ली। पुलिस के मुताबिक अखिलेन्द्र पुत्र वीर सिंह निवासी नारायण कलोनी, ट्रांजिट कैंप ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई धीरज 5 नवंबर 24 को घर से बिना बताए कहीं चला गया है। उसका मोबाईल नहीं लग रहा है। उसने घर के आसपास व उसके दोस्तो से और अपने करीबी रिश्तेदारो के पास काफी खोजबीन की, लेकिन भाई धीरज का कही कुछ पता नहीं लगा। धीरज की उम्र 24 बताई जा रही है। थानाध्यक्ष मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि युवक की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। फिलहाल युवक का पता नहीं चल सका है।

### ट्रेन से 12000 की नगदी समेत यात्री का बैग चोरी

**हल्द्वानी।** ट्रेन में सफर करने वालों का सामान आजकल ट्रेन से चोरी हो जा रहा है ट्रेन में आमजन के साथ-साथ कर भी सफर करते नजर आ रहे हैं चोरों ने एक यात्री का बैग चुराते हुए जीआरपी पुलिस को चुनौती दी है यात्री ने काठगोदाम जीआरपी थाने में चोरों के खिलाफ तहरीर सौंप कर मुकदमा दर्ज कराया है। बदायूं निवासी नरेश कुमार पुत्र रामावतार अग्रवाल बीते दिवस अपने परिवार के साथ रामनगर से आगरा फोर्ट ट्रेन में सवार होकर बदायूं की ओर जा रहे थे तभी गूलरभोज के पास से सीट के नीचे रखा उनका बैग चोरों ने चुरा लिया बैग में 12 जोड़ी कपड़े 12000 की नगदी सहित अन्य सामान था पीड़ित ने ट्रेन में सवार लोगों से बैक के बारे में पूछा लेकिन बाग का कहीं भी पता नहीं चल पाया मामले की तहरीर नरेश ने काठगोदाम जीआरपी थाने में देकर अज्ञात चोरों को पकड़ने की गुहार लगाई है पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### पत्नी की सकुशल बरामदगी की गुहार

**हल्द्वानी।** एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की सकुशल बरामदगी गुहार लगाते हुए कोतवाली पुलिस को उसकी गुमशुदगी की तहरीर सौंप कर खोज करने की मांग की है।सौंपी तहरीर में कुल्यालपुरा नवाबी रोड गली नंबर 2 निवासी कमल कुमार ने कहा है कि उसकी पत्नी 36 वर्षीय बबीता बिना बताए अपने घर से 30 अक्टूबर को बिना बताए कहीं चली गई है कमल कुमार का कहना है कि वह उसे वक्त रात की ड्यूटी पर था जब वह सुबह आया तो उसकी पत्नी घर में नहीं थी उसने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चला। उसने पत्नी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए तहरीर सौंपी है । पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

# लोकसभा में अदाणी मामले और संभल बवाल पर हंगामा

**नई दिल्ली** एजेंसी

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से ही शुरू हो चुका है। पहला दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया था। 11 बजे दोनों की सदनों की कार्यवाही शुरू हुई, जो थोड़ी देर बाद ही आज यानी 27 नवंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि, 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर हुए खास आयोजन कह वजह से सदनों की कार्यवाही नहीं हुई थी। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई है। विपक्ष अदाणी, संभल, मणिपुर और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर नारेबाजी कर रहा था और प्रश्नकाल को भी नहीं चलने दिया गया। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि हम पिछले 10 सालों से यह सवाल उठा रहे हैं। जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब भाजपा ने ईवीएम पर सवाल उठाए थे। ईवीएम इस देश में धोखा है और अगर ईवीएम नहीं होगी तो भाजपा को पूरे देश में 25 सीटें भी नहीं मिलेंगी। महाराष्ट्र और हरियाणा के नतीजे जिस तरह से आए हैं, हम उसे स्वीकार नहीं करते। बैलेट पेपर पर चुनाव करवाएं और जो भी नतीजे आएंगे, हम उसे स्वीकार करेंगे।



### लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस

- कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने अदाणी समूह के कथित कदाचार और इस मुद्दे पर जेपीसी गठन के मुद्दे पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है।
- कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने गौतम अडानी के अभियोग के मुद्दे पर चर्चा के लिए राज्यसभा में नियम 267 के तहत कार्य स्थगन नोटिस दिया।
- कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया और गौतम अडानी पर अभियोग के मुद्दे पर चर्चा की मांग की।
- आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते अपराध के ग्राफ को लेकर नियम 267 के तहत राज्यसभा में कार्य स्थगन का नोटिस दिया है।

**लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा**

# डिवाइडर तोड़ ट्रक से टकराई कार, पांच डॉक्टरों की गई जान

**कन्नौज** एजेंसी


कन्नौज में भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में पांच डॉक्टरों की मौत हो गई है। जबकि एक घायल है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक घायल हैं। कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ ट्रक से टकरा गई। हादसे में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के पांच डॉक्टरों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तड़के साढ़े तीन बजे के करीब किलोमीटर संख्या 196 हादसा हुआ। हादसे में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के पांच डॉक्टरों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी डॉक्टर लखनऊ से शादी समारोह से वापस लौट रहे थे।

सुबह 3:43 पर कंट्रोल रुम से सूचना मिली कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 196 पर हादसा हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्कार्पियो आगरा जा रही थी, नींद आने के कारण कार डिवाइडर तोड़ कर आगरा से लखनऊ जाने वाली दिशा में पहुंच गई। इसके बाद आगरा की तरफ से आ रहे ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में अनिरुद्ध वर्मा पुत्र पवन कुमार वर्मा निवासी राधा विहार एक्सटेंशन कमला नगर आगरा समेत पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति गंभीर घायल है। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया है। शवों को मोर्चरी में रखा गया है। बताया गया कि सभी मृतक डॉक्टर हैं और सैफई मेडिकल कॉलेज में पीजी कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह ने बताया कि सभी के परिजनों को सूचना दे दी गई है। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रक चालक मौके से भाग गया है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि तिर्वा पुलिस को हादसे की जांच के आदेश दिए हैं।

**मृतकों की पहचान:** 1. अनिरुद्ध वर्मा (29) पुत्र पवन कुमार वर्मा निवासी राधा विहार एक्सटेंशन, कमला नगर आगरा, 2.संतोष कुमार मौर्य पुत्र जीत नारायण मौर्य निवासी राजपुरा भाग-3 भदोही संत रविदास नगर, 3.अरुण कुमार पुत्र अंगद लाल निवासी तेरा मल्लू मोचीपुर, कन्नौज, 4. नरदेव पुत्र राम लखन गंगवार निवासी बायपास रोड नजदीक श्याम चरण स्कूल नवाबगंज बरेली 5- एक व्यक्ति अज्ञात

जयवीर सिंह पुत्र करण सिंह निवासी बुद्ध विहार मुरादाबाद गंभीर घायल है। उसका इलाज चल रहा है।



# कारोबारी दंपति को नशीला पदार्थ पिला नौकरानी ने चुराए आभूषण

**बेटे और बहु के हनीमून पर जाने का उठाया फायदा**

**हल्द्वानी** हमारे संवाददाता

शहर में कारोबारी के घर चोरी का मामला प्रकाश में आया है। कारोबारी और उनकी पत्नी को नशीला पदार्थ पिलाकर घर में चोरी करवाई गई। नौकरानी ने इस वारदात को अपने दो साथियों की मदद से अंजाम दिया, जिसके बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाने का काम किया है।

मुखानी थाना क्षेत्र के कालाढूंगी रोड पर रहने वाले दीपक अग्रवाल के बेटे की शादी 12 नवंबर को हुई थी, और वह अपनी पत्नी के साथ घर पर थे। 24 नवंबर को उनकी बेटी ने घर में काम करने के लिए एक नौकरानी को नियुक्त किया था। मंगलवार की रात करीब साढ़े आठ बजे नौकरानी ने दीपक और उनकी पत्नी को सूप पिलाया, जिसमें नशीला पदार्थ मिलाया था। सूप पीने के बाद दोनों बेहोश हो गए। नौकरानी ने फिर दो अन्य युवकों को घर में बुलाया और एक कमरे का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। हालांकि, दूसरे कमरे में चोरी का प्रयास विफल हो गया। उसी दौरान सुरक्षा गार्ड ने घर में घुसकर विरोध किया, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। दीपक और उनकी पत्नी को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत में अब सुधार है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

**सत्यापन न कराना पड़ा भारी**

घर में काम करने वाली नौकरानी का ना तो सत्यापन कराया था न आधार कार्ड लिया। बिना सत्यापन के घर में काम कर रही थी सितंबर माह से उसने घर में काम करते हुए सब का दिल जीत लिया था।



# हल्द्वानी वार्ड नंबर 11 में चुनावी बैठक

**हल्द्वानी** हमारे संवाददाता

भाजपा संगठन की दृष्टि से बूथ संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। वर्तमान में संगठन स्तर पर बूथ इकाइयों का गठन हो रहा है। इसी क्रम में आज वार्ड नंबर 11 में चुनाव के संबंध में एक चुनावी बैठक शक्ति केंद्र संयोजक मनोज चौहान के निवास स्थान बद्रीपुरा मे संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख शांति भट्ट एवं वार्ड प्रभारी विनोद जायसवाल मौजूद रहे। वार्ड नंबर 11 बूथ संख्या 46 तरुण पांडे संख्या 47 अजय गुप्त, 48 प्रेम सिंह,49 से बेबी गोयल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी वरिष्ठ कार्यकर्ता महेंद्र शर्मा शक्ति केंद्र संयोजक मनोज चौहान जानकी बीना जोशी संजय गोयल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सिडकुल में बिजली के खंभों को अंडर कंस्ट्रक्शन करने का मामला प्रकाश में आया

**रुद्रपुर** हमारे संवाददाता

पंतनगर क्षेत्र सिडकुल का एक ऐसा मामला सामने आया है। जहां निर्माण कार्य के दौरान बिजली के खंभों को अंडर कंस्ट्रक्शन कर लिया गया है।

वहीं मजदूर भी अपनी जान को जोखिम में डालकर कार्य कर रहे हैं,कोई अनहोनी हो जाती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही बरती जा रही है। इससे न बल्कि संभावित दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। निर्माण कार्य के दौरान साफ नजर आ रहा है कि बिजली के पोल को अंडर कंस्ट्रक्शन कर लिया गया है। सूत्र बताते है कि जिस संस्था द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मामला संज्ञान में आने के बाद बिजली विभाग के अधिकारी कार्रवाई की बात कह रहे हैं।



*बिजली के पोल को अंडर कंस्ट्रक्शन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है इसे प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। हालांकि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया।भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। संस्था का भी पता कराया जा रहा है।*
*- अंशुल मदान उपखंड अधिकारी बिजली विभाग सिडकुल*

**लापरवाही**

- मजदूर भी अपनी जान को जोखिम डाल कर कर रहे निर्माण

# यूकेडी नेता त्रिवेंद्र पंवार के घर पहुंचे धामी

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

नटराज चौक के पास भीषण दुर्घटना में यूकेडी नेता व राज्य आंदोलनकारी त्रिवेंद्र पंवार समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सीएम धामी यूकेडी नेता के घर पहुंचे और हादसे पर गहरा दुख जताया।

ऋषिकेश नटराज चौक के पास भीषण दुर्घटना में यूकेडी नेता व राज्य आंदोलनकारी त्रिवेंद्र पंवार समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी। बुधवार सुबह सीएम धामी यूकेडी नेता त्रिवेंद्र पंवार के घर पहुंचे। उन्होंने हादसे पर दुख जताते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।

सीएम धामी ने कहा कि त्रिवेंद्र पंवार का जाना एक अपूर्णीय क्षति है। दुर्घटना की जांच के आदेश पूर्व में ही दिए जा चुके हैं। सीएम ने कहा की ऋषिकेश में ट्रांसपोर्ट नगर के लिए सभी तैयारियां हो चुकी हैं। पार्किंग के लिए भी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सोमवार को त्रिवेंद्र पंवार का पार्थिव शरीर एम्स से देहरादून रोड स्थित उनके आवास पर लाया गया था। जहां कार्यकर्ताओं व स्थानीय निवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्णानंद घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे आलोक पंवार ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में यूकेडी कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। पंवार के निधन पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, निवर्तमान मेयर अनीता मंमगाई, राजेंद्र प्रेम सिंह बिष्ट आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।





# हल्द्वानी वार्ड नंबर 16 में निशुल्क स्वास्थ्य शिवर

**धारी**

**हमारे संवाददाता**

नगर मंत्री भाजपा युवा मोर्चा दीपांशु शर्मा द्वारा आज वार्ड नंबर 16 बाजार क्षेत्र के मंगलपड़ाव वार्ड नंबर 16 पाण्डेय बगीचा हल्द्वानी में सुबह से लेकर शाम तक निशुल्क स्वास्थ्य शिवर का आयोजन किया गया जिसमे 92लोगों का स्वस्थ परीक्षण और नेत्र परीक्षण किया गया । जिसमें लोगो की रक्त से संबंधित जांचे ,बीपी इत्यादि जांच की और निशुल्क दवाई वितरित की गई । जिसमें डॉक्टर शुभांगी पाण्डेय ने रोगियों को परामर्श दिया एवम स्वास्थ परिक्षण किया लैब टेक्निशियन संजय डाला कोटी ऑप्टोमेट्रिस्ट रवि उप्रेती, नर्सिंग स्टाफ दीप्ति जोशी, अनिता गोस्वामी और पंकज पप्पने राहुल पाण्डेय ने सहयोग किया । जिसमे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट,हरि मोहन अरोरा,रंजन सिंह बरगली, कश्तूबानंद,संदीप, कार्तिक , दीपांशु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सरोवर नगरी में बादलों के साथ छाई घुंध, बढ़ी ठिरन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में मंगलवार को दिनभर ठंड रही। इस दौरान बादलों के साथ धुंध पूरे दिन छाई रही। मौसम के बिगड़े मिजाज से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। बता दें कि नगर में सुबह के समय धूप खिली हुई थी और मौसम सुहावना बना हुआ था। मगर दिन चढने् के साथ ही बादलों ने डेरा डालना शुरू कर दिया। दोपहर में धुंध छानी शुरू हो गई जिस कारण ठंड में खासी बढ़ोतरी हो गई और लोग गर्म ऊनी कपड़ों का सहारा लेने को मजबूर हो गए। विभिन्न नगरों से पहुंचे सैलानी भी ठंड में दोचार हुए और शाम को जल्द ही होटलों में चले गए। जिस कारण शाम के समय बाजारों में सुनसानी नजर आई। इस बीच दफ्तरों में कामकाज हीटर के सहारे चला । आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के पर्यावरण विज्ञानी डा नरेंद्र सिंह के अनुसार आने वाले दिनों में भी सूखी ठंड बने रहने की संभावना है जबकि मैदानी भागों के कोहरा छाने का सिलसिला जारी रहेगा। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम 17 व न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जबकि आर्द्रता अधिकतम 85 व न्यूनतम 55प्रतिशत रही।



## NEWS / फटाफट



### राइंका पतलोट में हुई एनसीसी लागू

**धारी।** अटल उत्कृष्ट शहीद बहादुर सिंह मटियाली राजकीय इन्टर कालेज पतलोट में एनसीसी निदेशालय उत्तराखण्ड द्वारा एनसीसी लागू हो गई है। विगत पांच वर्षो से सामाजिक कार्यकर्ता आन सिंह मटियाली द्वारा अथक प्रयासों से एनसीसी लागू हो गई है। आन सिह ने बताया कि विद्यालय में एनसीसी लागू होने से स्थानीय लोगों को सेना में जाने का मौका मिलेगा वही बच्चे अनुशासित भी होगे। आन सिंह ने विद्यालय मे एनसीसी संचालित होने पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री भारत सरकार,महामहिम राज्यपाल मुख्यमंत्री, सांसद एवं पीटीआई अध्यक्ष सोबन सिंह, प्रधानाचार्य आशुतोष साह, के साथ ही 79 एनसीसी बटालियन आभार व्यक्त किया है साथ ही विद्यालय में एनसीसी संचालित होने से क्षेत्रीय लोगों द्वारा खुशी जाहिर की गई।

### 843 स्वयं सहायता समूहों का होगा सत्यापन/सर्वेक्षण

**नैनीताल।** कुमाऊं मण्डल में वर्ष 2024-25 में एनआरएलएम के द्वारा आय वाले 843 स्वयं सहायता समूहों का सत्यापन/सर्वेक्षण एवं मूल्यांकन किया जायेगा। यह जानकारी संयुक्त निदेशक (अर्थ एवं संख्या) राजेन्द्र तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि विकास खंडों मे गठित जिन समूहों की आय 50 से कम ,50 हजार से 2 लाख तथा 5 लाख तथा 5 लाख से 10 लाख, 10 लाख से 20 लाख तथा 20 लाख से अधिक आय वाले समूहों को वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने बताया मंडल में जनपद नैनीताल में 280 जबकि पिथौरागढ में 146, अल्मोंडा मे 247 तथा उधमसिंह नगर में 47 जबकि चम्पावत में 86 तथा बागेश्वर में 37 स्वयं सहायता समूहों का सत्यापन कार्य किया जायेगा। तिवारी ने बताया कि सत्यापन का कार्य कुमाऊं मंडल के प्रत्येक जनपद के जिला अर्थसंख्याधिकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा किया जायेगा। तिवारी ने मण्डल के सभी स्वयं सहायता समूहों से अनुरोध किया है कि सर्वेक्षण कर्ताओं को सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

### तेंदुए की आवाजाही, लोगों में भय का माहौल

**नैनीताल ।** तल्लीताल क्षेत्र में इन दिनों तेंदुए की लगातार आवाजाही से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। लोगों ने वन विभाग से प्रभावित क्षेत्र में गश्त की मांग की है। दूसरी ओर नैनीताल वन प्रभाग के नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी त्रिलोक सिंह बोरा ने बताया कि उनके नेतृत्व में विभागीय टीम ने प्रभावित क्षेत्र में गश्त शुरू कर दी है, साथ ही लोगों से अपील की है कि देर शाम छोटे बच्चों को घर से बाहर न जाने दें। उन्होंने घर के बाहर रात को हमेशा लाईट जलाकर रखने की भी अपील की है। बता दें कि बीते एक सप्ताह से तल्लीताल जीआईसी से हरिनगर तक रात में लगातार तेंदुए की आवाजाही हो रही है। सोमवार देर रात भी तल्लीताल बूचडखाना क्षेत्र में तेंदुए को देखा गया है। क्षेत्र में लगातार तेंदुए की आवाजाही के चलते लोगों में भय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में छोटे छोटे बच्चे रहते हैं जिनको जान का खतरा बना हुआ है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त करने की मांग की है।

### जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. गोस्वामी तबादला रुका



**रुद्रपुर।** जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव कुमार गोस्वामी का तबादले का आदेश रोक दिया गया है। इससे पहले डॉ. गोस्वामी का तबादला जिला अस्पताल बागेश्वर कर दिया गया था। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अनुभाग की अपर सचिव अनुराधा पाल ने डॉ. संजीव को जिला अस्पताल रुद्रपुर में यथावत तैनात किए जाने के आदेश जारी किए हैं। डॉ. गोस्वामी के यथावत के आदेश आने पर उन्होंने कार्य शुरू कर दिया।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# भीमताल में क्षेत्र पंचायत समिति की अंतिम बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल ब्लॉक के सभागार में मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में उनके कार्य काल की क्षेत्र पंचायत समिति की अंतिम बैठक सम्पन्न हुई।

इससे पूर्व बैठक का शुभारंभ में संविधान दिवस की शपथ के साथ हुआ। बैठक में ब्लॉक प्रमुख डा.बिष्ट ने जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों को पांच वर्षों में सहयोग व विकास खंड भीमताल क्षेत्र में किए गए कार्यों के सहयोग के लिए उनका विशेष आभार व्यक्त किया। बीडीसी बैठक में मंगलवार को प्रतिनिधियों ने सदन में अपने-अपने गांव की समस्याओं को रखा। बैठक में पंचवर्षीय कार्यकाल की सभी बीडीसी में सभी जनप्रतिनिधियों से शालीनता से मुद्दों को सदन में उठाया है। पांच वर्षों तक दिए गए सकारात्मक सहयोग के लिए सभी जनप्रतिनिधियों व विभागों को जनकल्याण के विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने की अपेक्षा की। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने की मांग की है। प्रमुख ने कहा जप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारियों का आपसी सामंजस्य विकास कार्यों में अहम योगदान रहता है। प्रमुख ने जनप्रतिनिधियो की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे, बीडीसी कमल गोस्वामी, प्रकाश चंद, मदन मोहन, मंजू पलडिया, चन्द्र कला जोशी,अनिता प्रकाश, संगीता बेलवाल,विक्रम कनवाल, गोपाल भट्ट, विशन मेहता, प्रधान हेमा आर्य, राधा कुल्याल, जया बोहरा, लता पलडिया, रजनी रावत, शशि चनियाल,कमलेश, प्रेमा मेहरा, नीमा देवी, एसडीएम प्रमोद कुमार समेत विभिन्न महकमों के अधिकारी मौजूद थे।

# देश व लोकतंत्र की रक्षा के लिये संविधान सर्वोपरि: अजय कुमार

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा ने देश की रक्षा के साथ लोकतंत्र की रक्षा के लिए संविधान सर्वोपरि का संकल्प लेते हुए संविधान दिवस मनाया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से इसको जन जन के मध्य पहुंचाने का आह्वाहन किया। साथ ही कहा, आज पीएम मोदी के नेतृत्व में देश बाबा साहेब के सपनों के स्वर्णिम युग में आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश मुख्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने 26 नवंबर को 26 जनवरी की तरह महत्वपूर्ण दिवस बताते हुए समाज में उसकी चर्चा को जरूरी बताया। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा, पूर्ववर्ती कई सरकारों ने इस महत्वपूर्ण दिवस को मात्र कानून दिवस की औपचारिकता तक सीमित रखा। उन्होंने इस उपलब्धि को जनता के बीच पहुंचने से रोका लेकिन हम सबके लिए यह बेहद गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री




मोदी ने संविधान दिवस की घोषणा कर इसे जनसहभागिता से जोड़ दिया है। उन्होंने देश की रक्षा के साथ लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे बढ़ते हुए काम करने पर जोर दिया।

वहीं गोष्ठी को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा, मोदी जी ने संविधान दिवस की घोषणा करना, हम सबके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, बाबा साहेब आंबेडकर ने भारतीय संविधान के रूप में विश्व का सबसे बेहतरीन कानून लागू किया है।

प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने अपने संबोधन में संविधान के मूल अधिकारों की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा कि संविधान समाप्त करने का काम कांग्रेस ने किया है। देश में आपातकाल लगाया, संविधान की मूल प्रस्तावना को बदला। वहीं राजपुर विधायक श्री खजान दास ने कहा, हमे संविधान जन जन तक पहुंचाना है। उन्होंने भारतीय संविधान निर्माण दिवस को लेकर जनमानस में संवेदना, महत्व और जागरूकता स्थापित करने के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य द्वारा की गई । संचालन जयपाल सिंह द्वारा की गई । गोष्ठी में सभी लोगों ने भारत रत्न डाक्टर बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अभिमत

## अंधी दौड़

***मोटापा घटाने, बढ़ती उम्र में यौवन बरकरार रखने, सुंदरता बढ़ाने के विज्ञापनों की मीडिया में भरमार है। विज्ञापनों में शर्तिया इलाज के दावे किये जाते हैं। विज्ञापनों से गुमराह होकर लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। एक महिला ने ब्यूटी कंपनी की महिला आयोग में शिकायत की और 25 लाख दिलाने की मांग की, हालांकि आयोग में काउंसिलिंग के बाद महिला को आठ लाख रुपये देने के लिए ब्यूटी कंपनी राजी हो गई, लेकिन इसके लिए महिला भी जिम्मेदार है।***

सुगठित काया और सुंदर दिखने की अंधी दौड़ में लोग पागलपन की हद तक पहुंच गये हैं। मोटापा घटाने तथा सुंदरता बढ़ाने को महिलाएं प्राथमिकता देती हैं। महिलाओं की इस कमजोरी का फायदा उठाने के लिए महानगरों से लेकर कस्बों में ब्यूटीपार्लर तथा जिम खुल गये हैं। ब्यूटी पार्लर व जिम के कारोबार का राष्ट्रीय स्तर पर आकलन करना मुश्किल हो गया है। मोटापा घटाने, बढ़ती उम्र में यौवन बरकरार रखने, सुंदरता बढ़ाने के विज्ञापनों की मीडिया में भरमार है। विज्ञापनों में शर्तिया इलाज के दावे किये जाते हैं। विज्ञापनों से गुमराह होकर लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। एक महिला ने ब्यूटी कंपनी की महिला आयोग में शिकायत की और 25 लाख दिलाने की मांग की, हालांकि आयोग में काउंसिलिंग के बाद महिला को आठ लाख रुपये देने के लिए ब्यूटी कंपनी राजी हो गई, लेकिन इसके लिए महिला भी जिम्मेदार है। आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में मध्यम व शिक्षित वर्ग शामिल है। दिनचर्या में प्राकृतिक नियमों का पालन नहीं करने, फास्ट फूड और हानिकारक रसायनों से निर्मित पेय पदार्थ का सेवन, प्रतिदिन निर्धारित घंटे नहीं सोने अथवा अधिक सोने और शारीरिक श्रम नहीं करने से मोटापा बढ़ने के साथ अनेक रोग होने का खतरा बढ़ जाता है। ब्यूटी पार्लर में कैमिकल से चेहरे को कुछ समय के लिए चमका देने से त्वचा पर कुप्रभाव पड़ता है। घर में भी महिलाएं सौंदर्य प्रसाधनों का अंधाधुंध इस्तेमाल करती हैं। रसायनयुक्त लोशन, क्रीम आदि से त्वचा का प्राकृतिक रंग धीरे-धीरे खत्म होता जाता है। झुर्रियां पड़ जाती हैं। वास्तविक उम्र से ज्यादा नजर आने पर शर्मिंदगी महसूस होती है। वास्तविक उम्र से कम बताने और दिखने के लिए ब्यूटी पार्लर तथा जिम का सहारा लिया जाता है। नवधनाढ्य तथा आधुनिकता से प्रभावित महिलाएं और पुरुष ब्यूटी पार्लर में हर माह हजारों रुपये खर्च करते हैं। जिम में जाकर एक्सरसाइज करते हैं और सप्लीमेंट के नाम पर स्वास्थ्य के लिए घातक पदार्थों का सेवन करते हैं। ब्यूटी पार्लर से आगे स्पा सेंटर खुल गये हैं। आधुनिक जीवन शैली अपनाने वालों की बुद्धि पर तरस तब आता है, जब वह एयर कंडीशन लगे जिम में एयर कंडीशन कार से जाते हैं। घर के काम नौकर करते हैं। जिम से आकर एयर कंडीशन कमरे में सो जाते हैं। एक्सरसाइज का उद्देश्य पसीना बहाना और शारीरिक अंगों को सुगठित करना होता है। भारत के ऋषि-मुनियों ने योगासन को निरोगी, सुगठित और सुंदर काया का माध्यम बताया है। पश्चिमी देश भी अब जिम तथा ब्यूटी पार्लर की जगह योग को अपना रहे हैं, जबकि भारत के लोग रोगी होने के रास्ते पर बढ़ रहे हैं।

# संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिला मुख्यालय नैनीताल में मंगलवार को संविधान दिवस के मौके पर विभिन्न संगठनों की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने जिला कार्यालय प्रांगण में अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलायी व जनपदवासियों को संविधान दिवस की बधाई दी। राजेंद्र प्रसाद ला कालेज कुविवि नैनीताल व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रदीप मानी त्रिपाठी रहे।

अखिल भारतीय अनुसुचित जाति /अनुसूचित जनजाति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष के. एल. आर्य के नेतृत्व में तल्लीताल दर्शन घर पार्क में स्थापित बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर मूति स्थल पर झंडारोहण करने के बाद अम्बेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण कर 75 वॉ संविधान दिवस हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी ली गई। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्या के पुत्र मोहित आर्य, गोविंद आर्य, मनोज साह जगाती भूपेंद्र सिंह बिष्ट, से जुड़े कई लोगों के साथ ही भाजपाई भी मौजूद रहे। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी मंडल नैनीताल द्वारा तल्लीताल स्थित दर्शन घर में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया वक्ताओं ने भारत के संविधान को विश्व का सबसे बड़ा संविधान तथा इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के एल आर्य द्वारा बाबा जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कई पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डीएसबी परिसर नैनीताल और नेहरू युवा केंद्र नैनीताल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया और सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला और संविधान की विशेषता तथा उसके महत्पूर्ण बिंदु का वर्णन किया। कहा कि 26 नवंबर 1949 को तैयार यह संविधान हमारी पहचान है। नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी डॉल्बी तेवतिया ने अपने भाषण में संविधान के विषय में विस्तार से बताया और नेहरू युवा केंद्र नैनीताल द्वारा युवाओं के लिए किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्ष तथा मुख्य वक्ता व परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने संविधान के निर्माण तथा इसके महत्व और समय-समय पर किए गए संशोधनों के विषय में विस्तार से बताया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी फैकल्टी सदस्यों व कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने संविधान की शपथ ली। अंत में एनवाईके की जिला युवा अधिकारी डॉल्बी तेवतिया द्वारा सभी अतिथियों को नेहरू युवा केंद्र का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया वहीं प्रो नीता बोरा शर्मा को शॉल ओढाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। भवाली अंबेडकर वार्ड भौनियाधार में वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व सभासद मोहन आजाद के आवास पर में पीसीसी सदस्य खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में सभा का आयोजन कर संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कांग्रेसियों ने वरिष्ठ नागरिक एन सी मासाब एवं स्वतंत्रता आंदोलन परिवार से धनी दुमका एवं वरिष्ठ नागरिकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जीआईसी भूमियाधार में संविधान दिवस के क्विज प्रतियोगिता हुई। प्रभारी प्रधानाचार्य डी.सी कांडपाल तथा उप प्रधानाचार्य त्रिभुवन अग्रगामी के नेतृत्व में कई गुरुजनों ने विचार रखे। क्विज प्रतियोगिता कक्षा 10वीं की समीक्षा और प्रियांशी ने जीती। सबसे तेज प्रस्तावना पाठ की एक अन्य प्रतियोगिता में कक्षा 7वीं की वेदिता व खुशी और महक को विजेता घोषित किया गया।

## बैग से जेवरात चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**रुद्रपुर।** रूद्रपुर रोडवेज स्टैण्ड से किच्छा जाते समय बैग से जेवरात चोरी होने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। नदीम पुत्र अब्दुल खालिक निवासी: मदीना मस्जिद के पास बरेली गेट, रामपुर यूपी ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर 24 सुबह 11 बजे परिवार के साथ रूद्रपुर से किच्छा जा रहा था। साथ में एक सूटकेस था। जिसमें 2 सोने के हार, एक सोने के कान के झाले, एक सोने चांदी का झूमर,एक सोने का टीका, एक सोने का पैडिल,तीन सोने की अंगूठियाँ,एक सोने की कान की बाली,चांदी की पायलें और कपड़े थे। उन्होंने बताया कि टेंपो चालक ने बैग पीछे की तरफ रख दिया, जब उससे बैग के पास बैठने को कहा तो टेंपो चालक जिसका नाम हरिओम है। उसका मोबाइल भी है।

# जीआईसी भूमियाधार में क्विज प्रतियोगिता

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





जीआईसी भूमियाधार में संविधान दिवस के शुभ अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकालकर संविधान दिवस की जानकारी दी।

क्विज़ प्रतियोगिता कक्षा 10वीं की समीक्षा और प्रियांशी ने जीती। सबसे तेज प्रस्तावना पाठ की एक अन्य प्रतियोगिता में कक्षा 7वीं की वेदिता, खुशी और महक को विजेता घोषित किया गया। वक्ताओं ने कहा की डॉ. बी.आर. अम्बेडकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल, जवाहर लाल नेहरू, सचिनंद सिन्हा, आदि के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। बता दें इसी दिन संविधान सभा के प्रयासों से हमारेमें संविधान को अपनाया गया था। 2015 से पहले इसे कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था।

इस मौके पर कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाचार्य डी.सी कांडपाल, उपप्रधानाचार्य त्रिभुवन अग्रगामी, हीरा लाल आगरी, विजय सिंह अधिकारी, आनंद सिंह बिष्ट, हरीश पंचवाल, देवेन्द्र देवरारी, दीप चंद्र हरबोला,रज्जन बाबू दीक्षित , पी.डी. सोरारी, पूजा बिष्ट ने हमारे संविधान के विभिन्न पहलुओं के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर कार्यक्रम के सफल आयोजन में लिपिक पूरन चन्द्र, जीतेन्द्र पाठक का भी योगदान रहा।

# फिल्मी दुनिया

## हमसफर जहीर के साथ सोनाक्षी की मस्ती



*अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों हमसफर जहीर इकबाल के साथ सैर सपाटे पर निकली हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर खूबसूरत फोटो साझा किए हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल बॉलीवुड की पसंदीदा जोड़ी में शुमार हैं। धर्म की दीवार तोड़ दोनों इसी साल शादी के बंधन में बंधे। दोनों इस वक्त विदेश घूमने निकले हैं। साझा किए गए फोटोज में जहीर और सोनाक्षी एक दूजे की बाहों में खोए रोमांटिक पोज दे रहे हैं। इसके अलावा सोनाक्षी कबूतरों के साथ खेलती और उन्हें दाना खिलाती नजर आ रही हैं। एक दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की खुशी दोनों के चेहरे पर साफ नजर आ रही है। दोनों की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। फैंस के साथ साथ कुछ सेलेब्स भी रिएक्ट कर रहे हैं। सबा पटौदी ने हार्ट इमोजी पोस्ट किए हैं। यूजर लिख रहे हैं कि आप दोनों साथ में बहुत प्यारे लगते हैं। अन्य यूजर ने लिखा, किसी की नजर न लगे, इसी तरह साथ बना रहे%। एक यूजर ने लिखा, खूबसूरत जोड़ी।*

### कर रहे इटली की सैर

*बता दें कि ये जोड़ी इन दिनों इटली यात्रा पर है। इनके साथ कुछ करीबी दोस्त भी साथ घूमने निकले हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने इस साल जून में रजिस्टर मैरिज की। इनकी शादी एक निजी समारोह में आयोजित हुई, जिसमें इनके इंडस्ट्री के करीबी दोस्त भी शामिल हुए। कई साल के एक दूजे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी रचाई।*

# परिवहन विभाग ने ऑटो और ई-रिक्शाओं का किया सत्यापन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

महानगर में लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक दबाव महिला सुरक्षा और गलत तरीके से चल रहे ऑटो और ई-रिक्शा के सत्यापन की कार्रवाई परिवहन विभाग द्वारा की जा रही है। सत्यापन की आखिरी तारीख 28 नवंबर को समाप्त होने जा रही है, लेकिन शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में चलने वाले 50प्रतिशत से अधिक ऑटो रिक्शा चालकों ने अपने वाहनों के साथ-साथ अपना सत्यापन नहीं कराया है। यही नहीं शहर में चलने वाले ई-रिक्शा चालक भी अपने सत्यापन नहीं कराया है. ऐसे में अब परिवहन विभाग बिना सत्यापन के चल रहे ऑटो और ई-रिक्शा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने जा रहा है. जिसके तहत अब बिना सत्यापन के चल रहे ऑटो और ई-रिक्शा के परमिट और रजिस्ट्रेशन को निरस्त करने की कार्रवाई करेगा। संभागीय परिवहन अधिकारी हल्द्वानी संदीप सैनी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर हल्द्वानी शहर क्षेत्र अंतर्गत 16 किलोमीटर के परिधि में चलने वाले ऑटो रिक्शा के साथ-साथ ई-रिक्शा संचालकों के सत्यापन की कार्रवाई चल रही है। परिवहन विभाग द्वारा इन सभी वाहनों का रजिस्ट्रेशन परमिट के अलावा अन्य दस्तावेज के साथ-साथ चालकों का सत्यापन होना है। इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा रोस्टर के आधार पर 7 अक्टूबर से कई चरणों में सत्यापन की कार्रवाई की गई है. लेकिन सत्यापन के दौरान भारी संख्या में ऑटो और ई-रिक्शा चालक अपने दस्तावेज का सत्यापन नहीं कराया है।



News कॉर्नर

## नशे में वाहन चलाना पड़ा भारी, वाहन सीज

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में एक वाहन चालक को शराब के नशे में वाहन चलाना भारी पड़ गया। पुलिस की ओर से वाहन चालक को गिरफ्तार कर वाहन सीज कर दिया है।

बता दें कि तल्लीताल एसओ रमेश सिंह बोरा के नेतृत्व में सोमवार देर रात को चैकिंग अभियान चालाया। इस दौरान पुलिस टीम ने भवाली रोड में टूटा पहाड़ के पास एक कार संख्या यूपी 81 बीआर 6392 के चालक तल्लीताल निवासी जसूल गिरी को शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़ा। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि मेडिकल में एल्कोहल की पुष्टि होने पर कार चालक को गिरफ्तार किया गया साथ ही कार को सीज किया गया है।

## नशेड़ियों व अराजक तत्वों पर पुलिस का शिकंजा

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में नशेडियों व अराजक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने अभियान चला दिया है। पुलिस की ओर से क्षेत्र में गश्त कर देर रात बेवजह बाइक दौडाने तथा नशा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

बता दें कि तल्लीताल के कूड़ा खड्ड, ठंडी सडक, जीआईसी स्कूल, बिंबो हट तथा भवाली रोड व हरिनगर समेत कई क्षेत्र में लोगों ने देर शाम से रात तक नशेडियों व अराजक तत्वों की ओर से अराजकता फैलाने की शिकायत की गई थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए एसओ तल्लीताल की ओर से क्षेत्र में में रात्रि गश्त बढ़ा दी है। पुलिस की अलग अलग टीम क्षेत्र में गश्त कर रही है। वहीं रात को बेवजह घूमने वालों व संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि क्षेत्र में रात को बे वाहन बाइक दौडाने व सार्वजनिक क्षेत्र में शराब पीने पिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। बताया कि अभियान लगातार चलाया जाएगा ।

# ठुकराल बोले बंटी कोली की कमी कभी पूरी नहीं हो पाएगी

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के करीबी अनिल कुमार बंटी कोली की स्मृति में आयोजित भजन एवं श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि रम्पुरा निवासी बंटी कोली का विगत 11 नवम्बर को यूपी के शाहबाद के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में आकस्मिक निधन हो गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं कोली परिवार की ओर से रम्पुरा स्थित चौरासी घंटा मंदिर में भजन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने बंटी कोली को श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान बंटी कोली की याद में दिव्य ज्योति जाग्रति



संस्थान के आशुतोष जी महाराज की शिष्याओं ने भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गयी। इसके अलावा भजन गायक अमन सांवरियां एवं मास्टर बॉबी ने भी भजनों की सुंदर प्रस्तुति देकर बंटी कोली को याद किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित तमाम वक्ताओं ने बंटी कोली के सरल स्वभाव, उनकी ईमानदारी,कर्तव्य निष्ठा और वफादारी की प्रशंसा करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि सड़क हादसे में उन्होंने अपने परिवार के एक सदस्य को खो दिया, बंटी कोली की कमी कभी पूरी नहीं हो पायेगी। इस अवसर पर सर्व श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री रितु भारती ने कहा कि मानव तन नश्वर है मानव इस धरती पर एक अतिथि की मानिद है। महापुरुष कहते हैं 'जीवन दो दिन का मेहमान'। इंसान मात्र 2 दिन का मेहमान है कौन से दो दिन एक जन्म और दूसरा मृत्यु परंतु जन्म और मृत्यु के बीच का जो समय है वह सब के पास अलग-अलग है इसलिए सार्थक उसका ही जीवन है जो इस समय को प्रभु की भक्ति में भर दे। इसलिए समय के रहते रहते हमने उसे ईश्वर का को जानना है। कहते हैं हर वस्तु की कोई ना कोई गारंटी होती है लेकिन इंसान की कोई नहीं इसलिए श्वासों के रहते रहते वह प्रभु को जान लें। जिसके लिए जीवन मिला है और जीवन में जब ब्रह्मज्ञानी गुरु आते हैं वह सही मार्ग दिखाते हैं। ईश्वर की अनुभूति घट में करवा कर सन्मार्ग की ओर प्रेरित करते हैं तब मानव प्रभु की भक्ति ज्ञान साधना के माध्यम से मुक्ति के मार्ग की ओर अग्रसर होता है और अपने जीवन को सफल करता है। अंत में साध्वी बहनों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु शांति पाठ का उच्चारण करवाया और परिवार जनों को सांत्वना दी। इस दौरान पूर्व सांसद बलराज पासी, गदरपुर के विधायक अरविंद पांडे, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़,रामपाल सिंह अनिल चौहान,दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता,अनिल शर्मा, मीना शर्मा,अजय नारायण, सुरेश कोली, हरविंदर सिंह हरजी, एडवोकेट दिवाकर पांडे, ललित बिष्ट, राहुल सरीन, अशोक ठुकराल, दीपक ठुकराल, नन्द लाल अरोरा,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव,गुरमीत सिंह, मानस जायसवाल, सिमरन, कोमल ठुकराल, दर्शन रानी ठुकराल, मीना शर्मा,बनारसी दास कोली,राजू गुप्ता,बिट्टू शर्मा सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# एनएसएस और एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा की अध्यक्षता में एनएसएस और एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने कहा कि हमारे संविधान को बनाने में 2 वर्ष, 11 माह और 18 दिन का समय लगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के बारे में लोगों को जागरूक करने और संविधान के महत्व व आंबेडकर जी के विचारों और अवधारणाओं को जन- जन तक फैलाने के उद्देश्य से संविधान दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2015 में संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी की 125 वीं जयंती थी, आंबेडकर जी को श्रद्धांजली देने के लिए इसी वर्ष संविधान दिवस मनाने का फैसला गया



था । इसके पश्चात प्राचार्य द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई। राजनीति विज्ञान की प्राध्यापक डॉ0 बीना जोशी ने संविधान प्रस्तावना के बारे में बताते हुए कहा कि यह संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को बताता है। प्रस्तावना में संविधान के उद्देश्यों और लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी गई है। प्रस्तावना को संविधान की आत्मा या कुंजी कहा जाता है। इसके पश्चात एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें एनएसएस प्रभारी डॉ0 रितुराज पंत, एनसीसी प्रभारी डॉ0 रेखा जोशी एवं फकीर सिंह ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस पर बार सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर बार सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजित की गई।

गोष्ठी की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता ने की। गोष्ठी की शुरुआत संविधान की शपथ लेने के साथ हुई। जिनके बाद अधिवक्ताओं द्वारा भारतीय संविधान पर विस्तृत रूप से अपने-अपने विचार रखे गये। गोष्ठी का संचालन सैय्यद नदीम खुर्शीद द्वारा किया गया। गोष्ठी में डॉ0 एम0 एस0 पाल (वरिष्ठ अधिवक्ता), रजत मित्तल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आनन्द सिंह मेर, उपाध्यक्ष, कुन्दन सिंह उपसचिव, भुवनेश जोशी, प्रेम प्रकाश भट्ट, ललित बेलवाल, ए0डी0 त्रिपाठी, पी0 एस0 सोन, कैलाश तिवारी, राम सिंह सम्मल, जयवर्धन काण्डपाल, सौरव अधिकारी, योगेश पचोलिया, राजेश शर्मा, के0 के0 तिवारी, बी0 एस0 अधिकारी, अतुल भट्ट सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।




# हाईकोर्ट के पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश कांडपाल का निधन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट के पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश बी सी कांडपाल का मंगलवार को देहरादून स्थित उनके आवास पर निधन हो गया । उन्हें 23 नवम्बर को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था । वे करीब 75 वर्ष के थे । उनके निधन पर उत्तराखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त किया है ।

स्व.बी सी कांडपाल 1983 में उत्तर प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा में शीर्ष रेंक हासिल की थी । वे कानपुर,देहरादून सहित कई जिलों के जिला न्यायाधीश रहे और 2004 में उत्तराखंड हाईकोर्ट के जज बने । 2009 में वे हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश बने । अगस्त 2010 में सेवानिवृत्त होने के बाद वे पब्लिक सर्विस ट्रिब्यूनल,पुलिस



कमीशन,उपभोक्ता फोरम आदि के चेयरमेन भी रहे । वर्तमान में वे राजेश्वर नगर फेस -1 देहरादून में रहते थे। उनके बड़े पुत्र हिमांशु कांडपाल सेना में कर्नल हैं जबकि छोटे पुत्र भूपेश कांडपाल उत्तराखंड हाईकोर्ट में एडवोकेट हैं । उनकी एक पुत्री भी है और दामाद भारत सरकार के पेयजल विभाग में निदेशक हैं। उनके पास राजस्थान, पंजाब, हरियाणा व हिमांचल प्रदेश का प्रभार है। स्व.न्यायधीश बी सी कांडपाल तीन भाइयों में सबसे बड़े थे ।

## क्षेत्र में फेरी वालों का सत्यापन कराने की मांग

**नैनीताल।** नैनीताल क्षेत्र में बाहरी व संदिग्ध लोगों की गतिविधियां एकाएक बढ़ गई हैं। लोगों ने क्षेत्र में फेरी करने वाले लोगों का सत्यापन करने की मांग की है। बता दें कि तल्लीताल निवासी संजय साह का कहना है कि नैनीताल क्षेत्र के गली मोहल्लों में बाहरी अज्ञात व संदिग्ध लोग फेरी लगाकर सामान बेच रहे हैं। बताया कि इन दिनों इन लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पूछताछ में कई लोगों का सत्यापन भी नहीं पाया गया है जिससे लोगों ने इनको संदिग्ध बताया है। उन्होंने पुलिस से ऐसे लोगों के सत्यापन की मांग की है। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि लगातार फेरी करने वालों के सत्यापन की जांच की जा रही है। सत्यापन के बिना फेरी लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।


# सीएम धामी को केदारनाथ उपचुनाव जीतने पर दी बधाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शहर के युवा सामाजिक कार्यकर्ता हरीश सिंह राणा ने देहरादून जाकर सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव जीतने पर बधाई दी।

दूसरी ओर हरीश राणा ने कहा है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में केदारनाथ उपचुनाव की जीत ने कांग्रेस के धार्मिक स्थलों पर भाजपा की हार के संबध में राष्ट्रव्यापी दुष्प्रचार को समाप्त करने का काम किया है। राणा के मुताबिक सीएम की युवा सोच तथा विकास कार्यों और जन जन तक स्वीकार्यता ने विरोधियों के सारे



समीकरणों को ध्वस्त कर दिया। स्थानीय कार्यकर्ताओं के अनुसार प्रत्याशी आशा नौटियाल की जीत में

**मुलाकात**

● हरीश सिंह राणा ने देहरादून जाकर सीएम से की मुलाकात

उनका सरल व्यवहार, संघ पृष्ठभूमि से भाजपा के संगठन महामंत्री अजेय कुमार का कुशल चुनाव प्रबंधन कौशल तथा पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक की उपचुनाव के दौरान केदारनाथ में सक्रिय राजनीतिक उपस्थिति एवं प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी का पिछले चार महीनों से धरातल पर कार्यकर्ताओं के बीच उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं को ऊर्जा देने का काम किया।

## निकाय चुनाव के लिए दावेदार सक्रिय



**हल्द्वानी।** निकाय चुनाव की सरगर्मी के बीच दावेदारों की सक्रियता बढ़ने लगी है और सभी अपने माध्यमों से जनसंपर्क कर रहे हैं। भाजपा से मेयर पद के प्रबल दावेदार निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्रपाल सिंह रौतेला ने कहा कि जनता भाजपा की नीतियों के साथ है। केदारनाथ में उपचुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास की सोच पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हल्द्वानी महानगर के विकास के लिए जनता को तोहफा दिया था और नगर निगम क्षेत्र में कई विकास कार्य चल रहे हैं। हल्द्वानी नगर निगम की जनता भाजपा की विकास की नीतियों के साथ खड़ी है। अपनी दावेदारी पर उन्होंने कहा कि वह संगठन के सिपाही हैं और संगठन का जो भी आदेश होगा उसका पालन किया जायेगा।

# एएन झा इंटर कॉलेज रुद्रपुर में छात्रों को संविधान की शपथ दिलाई

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

एएन झा इंटर कॉलेज रुद्रपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने छात्रों को संविधान की शपथ दिलाई, मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने छात्रों को संविधान के बारे में किया जागरूक अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिह नगर के जिला सचिव योगेंद्र कुमार सागर ने विद्यालय के छात्रों, अध्यापक तथा कर्मचारियों को संविधान दिवस



पर संविधान की शपथ दिलाई। इस मौके पर उन्होंने सभी का आह्वान किया कि हम सबका दायित्व है कि हम संविधान का सम्मान करें तथा संविधान में बताए गए मौलिक अधिकार तथा कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहे। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना के बारे में सभी को अवगत कराया। अधिवक्ता मोहम्मद मिराज ने छात्रों को संविधान के इतिहास तथा संविधान के महत्व पर विस्तार से अवगत कराया तथा आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक को संविधान में बताए गए कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। प्रधानाचार्य राजपति बिंद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संविधान दिवस की ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर लुबिमा पारुल, निशा राजभर , गिरीश शर्मा, यतेंद्र सिंह यादव, प्रमोद बाबू शर्मा, डॉक्टर विपिन गुप्ता,भरत कुमार मिश्रा, लुकमान, प्रीति चौहान सहित समस्त शिक्षक शिक्षाएं तथा छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गिरीश शर्मा ने किया।